भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †2408

सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023/27 अग्रहायण, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

प्रसाद योजना के अन्तर्गत झारखंड में पर्यटन का विकास

†2408. डॉ. निशिकांत दुबे:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार की प्रसाद योजना के तहत झारखंड राज्य में पर्यटन के विकास के लिए चयनित स्थलों/स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने झारखंड राज्य में पर्यटन क्षेत्र में सुधार के लिए उक्त स्थलों के विकास के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त योजना के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान आवंटित और खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी "तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत सवंर्धन अभियान" (प्रशाद) योजना के अंतर्गत वर्ष 2018-19 में 39.13 करोड़ रु. की लागत से झारखंड में 'बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर का विकास' परियोजना को स्वीकृति दी है। अद्यतन स्थिति के अनुसार मंत्रालय द्वारा इस परियोजना के लिए 31.23 करोड़ रु. जारी किए गए हैं। इस परियोजना का भौतिक निष्पादन पूरा हो गया है।

****